भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1273
09 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत

1273. डॉ. पोन गौतम सिगामणि:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने तटरक्षक बल के लिए अगली पीढ़ी के छह अपतटीय गश्ती पोत की खरीद के लिए किसी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या तटरक्षक बल गश्त के लिए प्रयोग किए जाने वाले अनेक पुराने हो चुके पोतों को बदलने का विचार रखता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या यह सच है कि इन पोतों को बहुउद्देशीय ड्रोन और ए.आई. क्षमता से सुसज्जित किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और (ख) : जी, हां। रक्षा मंत्रालय ने तटरक्षक बल के लिए खरीदो (भारतीय-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत 1614.89 करोड़ रुपये की कुल लागत पर अगली पीढ़ी के छह अपतटीय गश्ती पोतों (एनजीओपीवी) की अधिप्राप्ति हेतु माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि. (एमडीएल) मुंबई के साथ एक संविदा पर दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को हस्ताक्षर किए हैं।

(ग): पुराने हो चुके पोतों को उनके अभिकल्पित कार्यकाल पूरा होने एवं हल/मशीनरी की स्थितियों के विश्लेषण के आधार पर प्रतिस्थापित किया जाता है।

(घ) और (ड.): संविदा के अनुसार एनजीओपीवी के लिए बहुउद्देशीय ड्रोन और एआई उन्नत उपस्कर हैं। उपस्कर की अधिप्राप्ति संविदाकृत शिपयार्ड द्वारा की जाती है।

*****